**राजस्थान सरकार**
**विधि एवं विधिक कार्य विभाग**
**(राजकीय वादकरण)**

क्रमांक प.12 (07) राज/वाद/2024 जयपुर, दिनांकः 18/11/2025

**समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव/**
**प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव/**
**विभागाध्यक्ष ।**

**:: परिपत्र ::**

**विषयः— माननीय न्यायालयों/अधिकरणों के द्वारा पारित निर्णयों/आदेशों की समयबद्ध पालना सुनिश्चित करने के संबंध में।**

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर बैंच द्वारा एस.बी.सिविल अवमानना याचिका संख्या—1125/2023 में पारित आदेश दिनांक 14.10.25 में न्यायालय आदेश की समयबद्ध पालना नहीं किये जाने को गंभीरता से लेते हुए नाराजगी प्रकट की गई है तथा भविष्य में न्यायालय आदेश की पालना में अनावश्यक लापरवाही या विलंब की स्थिति नहीं रहे, इस हेतु आदेश की प्रति मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार को प्रेषित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

उल्लेखनीय है कि इस विभाग के समसंख्यक परिपत्र दिनांक 27.05.2025 के द्वारा राजकीय वादकरण को नियंत्रित व मोनीटरिंग किये जाने तथा न्यायालय आदेशों की समयबद्ध पालना सुनिश्चित किये जाने के संबंध में पूर्व में भी विस्तृत दिशा—निर्देश जारी किये गये थे। किन्तु यह संज्ञान में आया है कि कतिपय विभागों द्वारा उक्त दिशा—निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित नहीं की जा रही है।

अतः न्यायालय आदेशों की समयबद्ध पालना सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में इस विभाग के परिपत्र दिनांक 27.05.25 में प्रदत्त निर्देशों की कठोरता से पालना सुनिश्चित की जावे।

**(ब्रजेन्द्र कुमार जैन)**
**प्रमुख शासन सचिव,विधि**

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं:—

1. वरिष्ठ उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. विद्वान महाधिवक्ता, राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर।
3. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव, विधि।
4. निजी सचिव, समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव /प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव/विभागाध्यक्ष, राजस्थान जयपुर।
5. समस्त वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी/संयुक्त विधि परामर्शी/उप विधि परामर्शी/ सहायक विधि परामर्शी/वरिष्ठ विधि अधिकारी, विधि विभाग, जयपुर।
6. प्रशासक वादकरण, राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर/पीठ जयपुर
7. समस्त जिला कलक्टर, राजस्थान।
8. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर सह उप निदेशक, विधि विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
9. विधि विभाग के समस्त प्रकोष्ठ।
10. रक्षित पत्रावली।

**प्रमुख शासन सचिव,विधि**

Document certified by BRAJENDRA KUMAR JAIN <judgeCBI2015@gmail.com>.

Digitally Signed by BRAJENDRA KUMAR JAIN
Designation : Principal Secretary To Government
Date :18-11-2025 11:22:07

RajKaj Ref No.: 18879077
eSign DSC